बचपन से ही आपने धर्मशास्त्रों की ओर ध्यान दिया और ज्योतिष के साहित्य का अध्ययन किया। अतः इस वेद-प्रेमी ब्राह्मण का लगभग सारा यौवन वेदों और ज्योतिष शास्त्र के अध्ययन तथा कर्मकाण्ड सम्बन्धी क्रियाओं के करने में व्यस्त रहा। प्राज्ञ तथा विशारद की परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के पश्चात् आप एक पाठशाला के अध्यापक नियुक्त हुए। इस पदवी पर काम करते हुए आपने साहित्य तथा धर्म का प्रशंसनीय रूप में प्रचार किया।

समय के बीतने के साथ वेदाँत शास्त्र के प्रति आपकी रुचि विकसित होती गई। आप वास्तव में पूर्ण और सच्चे वेदान्ती थे और आप कर्म बिना जीवन को व्यर्थ समझते थे। आपके सिद्धाँत तथा निश्चय उन तथा-कथित वेदान्तियों से बिल्कुल भिन्न थे जो कर्म तथा परिश्रम से जी चुराते हैं। आपके विचार से जीवन का ध्येय केवल कर्म ही है और मनुष्य जीवन का कर्त्तव्य भी यही है। वैसे तो काम, क्रोध आदि मनुष्य के छः स्वाभाविक शत्रु हैं किन्तु आप सदा इनमें से केवल अहंकार पर विजय पाने की बात पर ही जोर देते रहे। आपने जीवन भर व्यवहारिक रूप में इस बात को सिद्ध कर दिया और आप वस्तुतः अहंकार से सदा बचे रहे। कहना न होगा कि ऐसा करने से शेष स्वाभाविक शत्रुओं का आप पर तनिक भी प्रभाव नहीं पड़ता था और ऐसे ही जीवन-पथ पर चलने के लिए आप लोगों को शिक्षा देते थे। आपने कभी भी निष्क्रिय न रहकर व्यावहारिक रूप में उद्यमी भैरवः जैसे शिव-सूत्रों की सार्थकता को सिद्ध किया।

यह बात देखकर कि कर्म-काण्ड शास्त्र का पठन-पाठन और व्यावहारिक रूप में उसका प्रयोग दिन-प्रति-लुप्त होता जा रहा है आपके हृदय को काफी दुःख पहुंचा। आपने इस बात का प्रतिकार करने का दृढ़

निश्चय किया। आप से पहले इस बात की ओर किसी मनुष्य का ध्यान नहीं गया था। आपने एक संस्कृत प्रेस की नींव डाली और कर्म-काण्ड, धर्म-शास्त्र, ज्योतिष आदि विषयों की बहुत सी उन पुस्तकों को प्रकाशित किया जो उस समय तक नहीं छपी थीं। यह पुस्तकें आजकल सर्व-साधारण को सस्ते दामों पर उपलब्ध होती हैं। यह मूल्यवान काम करके आपने जनता का बहुत बड़ा उपकार किया और घाटी की कर्मनिष्ठ जनता इस महान् कार्य के लिए इनका आभार मानती है। आपके सफल परिश्रम से जहाँ जनता को इन पुस्तकों से लाभ होता है वहाँ यह पुस्तकें सुरक्षित भी हो गई हैं। इन ग्रन्थों की सूची इस लेख में अन्त पर दी गई है।

आप कद के छोटे थे और आपका शरीर हृष्ट-पुष्ट था। कन्धे विशाल और भुजायें लम्बी थीं। नेत्रों से तेज टपकता था। मुख-मंडल अत्यन्त उज्जवल, गंभीर और प्रभावशाली था। आपके परिवार में धूम्रपान का सर्वथा निषेध था। इसी कारण से इनका परिवार 'सिख-घराना' कहलाता था। कश्मीरी प्रथा के अनुसार इस परिवार को अभी भी 'सिख' ही पुकारा जाता है। आप स्वभाव से ही प्रतिभाशाली थे और सरस्वती आपके कण्ठ और जिह्वाग्र पर सदा उपस्थित रहती थी। लेखकों ने कई बार अपनी आँखों से देखा है कि आप ऐसी निपुणता से भिन्न-भिन्न विषयों पर वाद-विवाद में भाग लेते थे कि आपके प्रतिद्वन्दियों को भी आपकी योग्यता का लोहा मानना पड़ता था। आप साधारणता तथा परिश्रम की मूर्ति थे। चरणों में पूला और सिर पर प्रणवाकार पगड़ी धारण कर शरीर पर सामान्य पट्टू का केवल एक पेरहन (फिरन) पहिने फिरते रहते थे। संक्षेप में कहा जाय तो ऐसे आत्रेय गोत्र मुनि को देख कर देखने वाला मन ही मन श्रद्धा के फूल अर्पित करता था।

पवित्र काशी के शास्त्र तथा धर्म के भास्कर स्वामी ईश्वर दास जी के आध्यात्मिक गुरू बन गये। उनसे हीं आपको गुरू-मंत्र मिला और उनके उपदेशानुसार आप महागायत्री के उपासक बने। आपने कई पुरुषाचरण किये और चान्द्रायण व्रत लिए। धर्म-क्रियायें और व्रत जिस शास्त्रानुकूलता और सफलता से आपने निभाये वह सारे देश में अनुपम हैं।

तड़के उठकर प्रतिदिन स्नान-संध्या के पश्चात् आप पूजा में लग जाते थे और अपनी अश्रुधारा से महा-गायत्री की स्वर्ण-मूर्ति को स्नान कराते थे। देहान्त तक यही आपका नित्य नियम रहा। केवल तीन या चार घंटे निद्रा को समर्पित करके आपका शेष सारा समय क्रियाशीलता में ही बीतता था। कश्मीर की रमणीय वाटिका में ऐसे ब्रह्मर्षि विरले ही होंगे जिन्होंने अहंकार और स्वार्थसिद्धि की भावना को पूर्ण रूप से त्याग दिया हो। ऐसे ही साधारण और परिश्रमी तथा प्रकाण्ड पंडित हमें वसिष्ट और लौघक्षा जैसे ब्रह्मर्षियों का स्मरण कराते हैं।

आपका विचार था कि मनुष्य-जीवन की सादगी चिर काल तक स्थिर नहीं रह सकती और समय-२ पर इस में ऐसी कठिनाइयां आ जाती हैं जिन पर सुगमता से विजय प्राप्त नहीं की जा सकती अतः जीवन कभी सुख-मय नहीं रह सकता फिर भी साधारण जीवन व्यतीत करने वाले लोग ही सुख के पात्र हैं।

कश्मीर के सुप्रसिद्ध संत मन्यगाम-निवासी श्री कश काक मल्ला ने श्री केशव भट्ट के देहान्त से कुछ दिन पहिले (विक्रम संवत १९५० ज्येष्ठ ३०) एक नुनर निवासी भक्त-जन से कहा था कि उसके कुल में एक बालक उत्पन्न होगा जिसकी जीवन-लीला एक मास में समाप्त होगी। उन्होंने स्पष्ट रूप में यह भी कहा था कि केशव भट्ट देहान्त के पश्चात् नुनर में जन्म लेंगे और एक मास के पश्चात आवागमन समाप्त करेंगे। यह समाचार श्री केशव भट्ट को देहान्त से पहिले मिला और उन्होंने जलमय नेत्रों से श्रद्धा के फूल सन्त कशकाक के श्रीचरणों में समर्पित किये। आश्चर्य की बात है

कि सचमुच नुनर ग्राम के उसी ब्राह्मण कुल में एक बालक का जन्म हुआ और केवल एक मास बीतने पर वह परमधाम को चला गया। इस प्रकार केशव भट्ट नामक जीवात्मा का कर्म-फल समाप्त हुआ और वह इस आवागमन से सदा के लिए मुक्त हो गए।

उन्हों ने जो ग्रंथ प्रकाशित किए हैं, उनकी सूची नीचे दी जाती है :-

१. नित्यकर्मविधि नं० १
२. नित्यकर्मविधि नं० २
३. नित्यकर्मविधि नं० ३
४. शिवपूजा
५. गणेशस्तोत्रावली
६. सौन्दर्यलहरी
७. देवीपूजा
८. चमानुबाव
९. रुद्रपचकम्
१०. कर्मकाण्ड पुस्तक नं० १
११. कर्मकाण्ड पुस्तक नं २
१२. कर्मकाण्ड पुस्तक नं० ३
१३. कर्मकाण्ड नं० ४
१४. बेदकल्पद्रुम :
१५. मेखला पुस्तक
१६. वटुक पूजा
१७. पार्थिकेश्वर पूजा
१८. उपदेशपंचक
१९. योगवासिष्ठसार :
२०. भक्तिविवेकसार :
२१. भवानींनामस हस्स्तुति :
२२. विष्णाहसनामस्तोत्रम्
२३. राज्ञी-ज्वाला-शारिकासहस्रनामस्तोत्र
२४. आदित्यहृद्यम्
२५. कलशस्थापनोद्धार :
२६. शिवसूर्ययो: सहस्रनामवली
२७. काश्मीरिकाज्योतिषसंग्रह:
२८. बृहत्स्तोत्ररत्नाकर नं० १
२९. बृहत्स्तोत्ररत्नाकर नं २
३०. सहस्रनामावली
३१. शिवपूजा



दहेज

– डॉ० अमरनाथ पारिमू

जमाने को देखकर यह कहना कठिन है कि गरीबी कब मिटाई जा सकेगी और कब लोगों को शान्ति मिल सकेगी। गरीब या अमीर की पूंजी उसकी संतति को ही मिलती रहेगी, वह चाहे दिखाकर मिले या चोरी छिपे, शादी के मौके पर, उससे पहले या उसके बाद।

कुछ भी हो, जीवन का स्तर ऊंचा उठाना ही प्रत्येक मनुष्य का उद्देश्य है और वह इसी दिशा में आगे बढ़ता जा रहा है, किन्तु दु:ख का विषय है कि मनुष्य बिना किसी क्रम के अपने लालच को इस ढंग से पूरा करना चाहता है जिससे उसकी परेशानियाँ बढ़ती जाती

हैं। हम यह भी देख रहे हैं कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में स्तर ऊंचा करने का प्रयत्न हो रहा है इसलिए दहेज का स्तर नीचा करना कोई ग्रासान काम नहीं। दाय या उत्तराधिकार का भाग लड़की को कभी न कभी, किसी-न-किसी सूरत में, दिए जाने से रोकना भी कोई ग्रासान काम नहीं। यह भी ग्रासान काम नहीं कि लड़की को दिया जाने वाला दहेज उस स्तर से कम का हो जो बिरादरी में उसके माता-पिता का हो क्योंकि बिवाह-शादी में होने वाला लेन-देन बराबर के परिवारों में बराबरी के ग्राधार पर ही होता है।

ग्रपने से ऊंचे स्तर के लड़के को पा लेने के प्रयत्न में या ग्रपने बराबर वाले लड़के को ग्रपने वश में रखने के लिए लड़के या उसके माता-पिता की चापलूसी के लिए दिए जाने वाले उपहार, भेंट ग्रादि के रूप में दी गई मोटी-मोटी रकमों को रोकना भी कोई ग्रासान काम नहीं। एक लड़के का दूसरों के ऊंचे स्तर को देख कर ग्रपने सास-ससुर से ग्रधिक से ग्रधिक धन हासिल करने से रोकना भी कोई ग्रासान काम नहीं। इस तरह एक लड़की के ग्राभूषण कपड़े-लत्ते ग्रौर इसी प्रकार की ग्रन्य वस्तुएं प्राप्त करने की प्रबल इच्छा ग्रौर लालच को मिटाना भी कोई ग्रासान काम नहीं।

दैनिक जीवन में प्रायः ग्रच्छे-ग्रच्छे न्यौते मिलते हैं ग्रौर बहुमूल्य उपहारों का ग्रादान-प्रदान होता है। विभिन्न प्रकार के ऊंचे स्तर के व्यसनों में समय ग्रौर पैसा खर्चा जाता है जिस में ग्रमीर ग्रौर गरीब दोनों ही शरीक होते हैं। तो केवल शादी के मौके पर सादगी बरतने के लिए किसी भी मनुष्य को तैयार करना या प्रवृत करना कोई ग्रासान काम नहीं।

ऐसा होते हुए कानून कहां तक सुधार कर सकता है? कानून बनाने वाली सरकार तो स्वयं मजबूर है। उसे भी दिखावे के लिए एक छोटे से "पुलिया का उद्घाटन"—जैसे समारोह पर हजारों रुपये खर्च करने पड़ते हैं या ग्रपनी प्रतिष्ठा बनाने के लिए स्वतन्त्रता दिवस जैसे बड़े समारोह पर, बहुत बड़े पैमाने पर, बड़े-बड़े ग्रधिकारियों ग्रौर ग्रमीरों तथा विदेशियों को बड़े-बड़े निमंत्रण देने पड़ते हैं ग्रौर, यों कहना चाहिये कि, ग्रमरीका जैसे धनी देश की नकल करनी पड़ती है।

देखने का विषय है कि ग्रभी तक प्रत्येक मनुष्य ग्रपने मानदंड के ग्रनुरूप ग्रपना जीवन व्यतीत करने ग्रौर ग्रपने कुटुम्ब को पालने के लिए स्वतंत्र हैं। किन्तु सामाजिक प्रयत्नों से ऐसे समारोहों या उत्सवों को सादा ग्रौर संक्षिप्त बनाया जा सकता है, दिखावा समाप्त किया जा सकता है, पेचीदगियां दूर की जा सकती हैं ग्रौर गरीबों के लिए सहूलियतें मुहैया की जा सकती हैं। किन्तु यह काम तभी हो सकता है जब लोग दहेज ग्रौर लेन-देन को कतई भी विज्ञापित न करें। ग्रौर तो ग्रौर, ग्रपने निकटतम सम्बन्धियों को भी यह मालूम नहीं होने देना चाहिये ग्रौर कम ग्राय वाले लोग यदि नकल करने से परहेज करें तो समाज का कल्याण हो सकता है। यदि सभी ऐसा करें तो समाज उनका ग्राभारी होगा ग्रौर भावी पीढ़ियां भी उनका ग्राभार मान लेंगी। कारण यह है कि ऐसा करने से लोगों की ग्रार्थिक दशा, वह चाहे जैसी भी हो, ग्रौर ग्रधिक नहीं बिगड़ेगी। हमें चाहिये कि हम उत्सवों, समारोहों पर ऐसे ही ग्रादर्श स्थापित करें ताकि कल को यदि किसी गरीब को इस प्रकार के समारोहों में भाग लेना पड़े तो उसके मन में हीनता-ग्रंथि का प्रकोप न हो। यदि ऐसे ग्रादर्श ग्रौर ऐसे उदाहरण हमारे सामने ग्राते रहें तो हम एक ग्रच्छे समाज का निर्माण कर सकेंगे ग्रौर इस प्रकार समाज में से सभी कुरीतियों का निराकरण भी हो सकेगा।

प्रारम्भ में किसी नई चीज को प्रचलित करना बहुत ही कठिन काम होता है ग्रौर उसके लिए काफी साहस भी चाहिये। ग्रकेले ग्रादमी के साहस की बात नहीं किन्तु उसका सारा परिवार भी उसको सहयोग दे।

ऐसा भी नहीं होना चाहिये कि आप इन सुधारों को औरों पर लादें। होना यों चाहिये कि जो भी नई बातें सुधार के रूप में अमल में लाना सम्भव हो उन्हीं को अमल में लाया जाए और उनको प्रोत्साहन भी दिया जाए ताकि समाज में नई प्रचलित बात को पूरा सम्मान प्राप्त हो सके। यदि एक मनुष्य थोड़े से सुधार अमल में लाता है और दूसरा उससे कुछ अधिक, और इसी प्रकार तीसरा और भी अधिक, तो धीरे-धीरे सारे ही सुधार सारे समाज में प्रचलित हो सकते हैं और इस तरह कालान्तर में यह भी हमें पता चल सकता है कि किन-किन नई प्रचलित बातों में हमारे सामने क्या-क्या कठिनाइयां आई हैं और उनको कैसे दूर किया जा सकता है।

समाज में सुधार करने वालों को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिये और उन्हें सम्मान भी प्राप्त होना चाहिये ताकि और लोग यह जान सकें कि बिना कुरीतियों के और सीधी सादी जिन्दगी में कितना आनन्द है और उसके कितने लाभ हैं। यदि ऐसा हो सकेगा तो सभी लोग यह जान पाएंगे कि कुरीतियों को चलता रखने में समाज का कितना नुकसान हो सकता है और किसी भी व्यक्ति की कितनी बदनामी और बेइज्जती हो सकती है।

ऐसा करने के लिए अधिक-से-अधिक लोगों की एक ही राय प्राप्त की जा सकती है और इस प्रकार एकता तथा एकजुट होकर काम करने से ही समाज में इन सुधारों को मान्यता भी प्राप्त हो सकती है। अब आप यह कैसे कहेंगे कि सभी लोगों को एक राय का बनाना कोई आसान काम नहीं। आप करके तो देख लीजिये। अच्छी बात प्रत्येक व्यक्ति को मान्य है और कुरीति समाप्त करने के लिए सभी व्यक्ति इस दिशा में एकमत हो सकते हैं।

यहाँ यह कहना असंगत न होगा कि धार्मिक शिक्षा से एक ही धर्म के लोगों का सोचने-समझने का तरीका एक-सा होता है और विभिन्न समस्याओं को एक ही दृष्टिकोण से देखा जाता है और कालान्तर में उनका समाधान करने के लिए एक-जैसी राय भी बनायी जाती है। किन्तु चूंकि आजकल धार्मिक शिक्षा का प्रचलन नहीं है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति अपनी मन-मर्जी से अपना दैनिक जीवन व्यतीत करता है और इसीलिए उत्सवों, समारोहों आदि के बारे में भी वह स्वतंत्र रूप से जैसा चाहता है वैसा कर लेता है। मैं समझता हूं कि आधुनिक समस्याओं को हल करने के लिए धार्मिक शिक्षा नितान्त आवश्यक है भले ही ऐसा करने के लिए हमें गांठ की पूंजी भी खर्च करनी पड़े। हम धार्मिक शिक्षा के बल पर ही अपने समाज से सारी कुरीतियों को हमेशा हमेशा के लिए समाप्त कर सकते हैं।



गीता उपदेश

—स्वामी त्रिलोकी नाथ

गीता का मत है कि जब गीली लकड़ी को सीधा आग में डाला जाता है, तो आग के तेज से वह धुआँ देने लग जाती है, और कभी-कभी उसका धुआँ इतना बढ़ जाता है कि एक ओर तो आग के पास बैठने वालों का नाक में दम आ जाता है और दूसरी ओर अग्नि के प्रज्वलित होने में वह सहायता के स्थान पर बाधा डाल देती है। और जब गीली लकड़ी को पहले धूप में रख कर सुखा लिया जाता है, और सूखने के बाद अग्नि में

डाला जाता है, तब एक ओर तो वह लकड़ी शीघ्र जलने लग जाती है, न धुआं देती और न अग्नि के निकटस्थों का नाक में दम करती है, और दूसरी ओर वह लकड़ी अग्नि के प्रज्वलित होने में भी सहायता देती है, बाधा नहीं डालती।

इसी प्रकार मलिन अन्तःकरण पहले कर्मयोग द्वारा शुद्ध किये बिना जब आरंभ में ही शारीरिक कर्मों से रहित करके तत्व चिन्तन में लगा दिया जाता है, तो अन्तःकरण शान्त और स्थिर होने के स्थान पर नाना प्रकार के संकल्प विकल्प के धुँए की भरमार से एक ओर तो वह स्वयं पहले से भी अधिक अशान्त, अस्थिर और क्षुब्ध हो जाता है, और दूसरी ओर सभी शारीरिक कर्मों के छोड़ देने से अपने निकवर्ती पुरुषों का कुछ कल्याण न करता हुआ उनके जीवन पर भार बन जाता है। और अपने अनन्त सकल्पों-विकल्पों पर विजय न पाने के कारण कभी-कभी अपनी हानि भी कर डालता है। उस के लिए यह उक्ति प्रचलित है—"आप तो डूबे ब्राह्मण, साथ यजमान डुबोये।" अर्थात् ऐसा पुरुष आप तो गिरता ही जाता है, पर अपने गिरने के साथ-साथ वह औरों को भी गिराता रहता है अथवा गिराने का कारण बन जाता है जैसा कि आजकल के कर्म-सन्यासियों की दशा देखने में आती है। कोई विरला महापुरुष ऐसा निकला है जो मन की चंचलता और अशान्ति के होते हुए भी दृढ़ता के साथ तत्त्व-चिंतन जारी रखकर उसी से अन्तःकरण शुद्ध करता हुआ फिर समाहित होकर आत्म-साक्षात्कार को प्राप्त होता है। परन्तु जब वही अन्तःकरण पहले कर्मयोग की विधि से निरन्तर कर्म में लगाये रखने से शुद्ध और निरासक्त कर लिया जाता है, तब एक ओर तो वह कर्त्तव्य, कर्म व लोक संग्रहार्थ कर्म करते रहने से अपना तथा दूसरों का कल्याण करता रहता है, किसी का नाक में दम नहीं करता और न किसी के जीवन पर भार ही होता है, और दूसरी ओर सुगमता से वह निर्मल, शान्त और स्थिर होता रहता है, और इस प्रकार समाहित हो जाने पर शारीरिक कर्म उससे स्वत: ही छूट जाते हैं और फिर वह निरन्तर ध्यानावस्थित होता हुआ आत्मसाक्षात्कार लाभ करता है। ऐसे पुरुषों का गिरना तो बहुत ही कम होता है, बल्कि दिन-प्रतिदिन वह उन्नति के पथ पर अग्रसर होता रहता है। इसके मार्ग में कोई अड़चन नहीं होती और इसमें चलना भी सबके लिए सुगम होता है। किन्तु दूसरे (कर्म-सन्यास के) मार्ग में चलना सरल नहीं, और अड़चनें या बाधाएँ भी उसमें अगणित हैं, जिन अड़चनों या बाधाओं को कोई दृढ़ मनः संत ही पार कर सकता है, सर्व साधारण के लिए गीता कर्म-सन्यास की अपेक्षा कर्मयोग को श्रेष्ठ व विशेष मानती है यद्यपि साथ-साथ यह भी स्पष्ट करती है कि पूर्ण रीति से किये जाने पर दोनों साधन एक ही परिणाम पर पहुँचाते हैं। इसलिये गीता बार-बार अपने उक्त मत पर ऐसा जोर देती है कि···।

स्मरण रखने वाले शब्द

(१) मरते समय तक क्या चुभता है ? गुप्त पाप।

(२) बंधन में कौन है ? विषयी।

(३) विमुक्ति क्या है ? विषयों से वैराग्य।

(४) माया की ईश्वर की शक्ति है। फिर भी एक अनिर्वचनीय पदार्थ है।

(५) जो विवेकी, विरक्त, शमी, दमी और मुमुक्ष हो उसी में ब्रह्म विचार की योग्यता मानी जाती है।

(६) हमारी इन्द्रियाँ ही हमारी सबसे बड़ी शत्रु हैं।

(७) स्वयं के सत्य की अथक खोज ही भक्ति है।

(८) अविद्या क्या है ? आत्मा की स्फूर्ति न होना।

(९) करोड़ अशर्फियाँ खर्च करने से भी आयु का एक पल नहीं मिल सकता, अगर वह सारी की सारी वृथा जाए तो उससे अधिक हानि क्या है ?

(१०) योगीजन शिव को आत्मा में देखते हैं, मूर्ति में नहीं। जो आत्मा में रहने वाले शिव को छोड़कर बाहर के शिव को पूजते हैं वे हाथ में रखे हुए लड्डू को छोड़कर कोहनी को चाटते है।

(११) जिस प्रकार स्वच्छ दर्पण में मुँह साफ दीखता है उसी प्रकार शुद्ध चित्त में ज्ञान प्रकट हो जाता है।

शिवोऽहं ! शिवोऽहं !! शिवोऽहं !!!

संपादक के नाम

प्रिय सम्पादक जी,

अक्तूबर १६७६ के "कॉशुर समाचार" के अंक में डॉ० अमरनाथ पारिमू जी का लेख "डेजिहोर" पढ़ा, पढ़कर आश्चर्य हुआ कि डॉ० पारीमू साहब एक वयोवृद्ध समाज के हितैषी होते हुए भी डेजिहोर न पहनने के लिये बहनों को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

यदि पारीमू साहब सोना पहनना बिलकुल व्यर्थ बताते तो भी कुछ उचित था, परन्तु उनका यह कहना कि "डेजिहोर" के वजन जितने सोने की तीन चार बालियाँ बना कर बदल-बदल कर पहनी जा सकती हैं मुझे उचित नहीं लगा।

हमारी बिरादरी की सभ्यता में एक यही चिन्ह है जिससे हम परदेश में हों या सफ़र में, या और कहीं भी हम एक दूसरे को पहचान लेते हैं। मैंने आज तक किसी भी बंगाली महिला को उनका मंगल-चिन्ह, शंख की चूड़ी उतारे नहीं देखा। मद्रासी, गुजराती तथा मराठी भी अपना मंगल-सूत्र नहीं उतारते।

यदि पारिमू साहब हमारे समाज की कुरीतियों को हटाना चाहते हैं तो हमारे समाज में और भी व्यर्थ की बातें हैं जिन्हें छोड़ा जा सकता है। यदि किसी परिवार में मृत्यु हो जाती है तो कितनी विडम्बना है कि आज दसवाँ दिन है अतः आज इतने ब्राह्मणों को जिमाना है, आज ग्यारहवाँ दिन है अतः आज बिरादरी के लोगों को जिमाना है। एक तो मृत व्यक्ति के परिवार वाले शोक-ग्रस्त होते हैं और दूसरे व्यर्थ में धन को बर्बाद करना पड़ता है, केवल समाज के भय से।

व्रतों-फाकों का तो पूछना ही व्यर्थ है। भगवान के नाम व्रत रखेंगे या मृत व्यक्ति के नाम। और दिनों की अपेक्षा इस दिन खाने-पीने का कार्य-क्रम और भी जोरों पर होता है।

शादी में भी इसी प्रकार व्यर्थ खर्चा होता है। गाना बजाना चल रहा है, चाय-दूध दिया जा रहा है। खाना-पीना तो खूब है ही। देन-लेन के विषय में तो आपस में होड़ हैं: अमुक व्यक्ति ने अपनी लड़की को इतना दिया है हमें भी देना है, या अमुक व्यक्ति के लड़के की शादी में जो कुछ आया है हमें भी उतना ही चाहिए। यदि इन सब व्यर्थ के खर्चों को बचाया जाये तो वह धन भी बच्चों की उच्च शिक्षा में लगाया जा सकता है। उस धन से अच्छे मकान बनाये जा सकते हैं और वह धन भी बिरादरी के उन बच्चों पर लगाया जा सकता है जो अधिक सम्पन्न नहीं हैं।

"डेजिहोर" का व्यय एक महिला पर जीवन में एक ही बार होता है। अन्य प्रकार के व्यय परिवारों में कई बार होते हैं।

मुझे आशा है कि पारिमू साहब तथा बिरादरी के अन्य व्यक्ति मेरी बात को समझने का प्रयत्न करेंगे।

सधन्यवाद,

भवदीया,
पुष्पा दर

६/२, रेलवे कालोनी, सेवा नगर,
न्यू देहली- ११०००३।



घाटी की साँस्कृतिक गतिविधियाँ

—प्रो० चमनलाल सप्रू

• दो नये प्रकाशन

अभी-अभी हिन्दी में दो उत्तम पुस्तकें प्रकाशित होकर आई हैं। वह हैं 'कश्मीरी ललित कलाएं : 'उद्भव और विकास' तथा 'टोकरी भर धूप'। पहली पुस्तक के लेखक हैं श्री अवतार कृष्ण राजदान और दूसरी पुस्तक कश्मीर के सुप्रसिद्ध कहानीकार प्रो० हरिकृष्ण कौल का द्वितीय कहानी संग्रह है। उक्त दोनों पुस्तकों का प्रकाशन सन्मार्ग प्रकाशन दिल्ली-७ द्वारा हुआ है।

• वीमेन्स वेलफेयर ट्रस्ट का अर्द्ध-शताब्दी समारोह

वर्ष १९२६ में संस्थापित वीमेन्स वेलफेयर ट्रस्ट, कश्मीर का अर्द्ध-शताब्दी महोत्सव १५ अक्तूबर १९७६ को वसन्त गर्ल्ज हाई स्कूल, श्रीनगर के सभागार में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता राज्य के मुख्य मंत्री शेख मुहम्मद अब्दुल्ला ने किया। शेख साहिब ने ट्रस्ट स्कूलों द्वारा श्रीनगर में स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य करने के लिये बधाई दी। ट्रस्ट के महासचिव श्री दीनानाथ दर ने अपने विवरण में कहा कि आरम्भ में ट्रस्ट की पाठशाला में छः छात्राएं पढ़ती थी और इसका कुल व्यय ३६६-०० रुपये हुआ था। इस समय ट्रस्ट द्वारा संचालित दो हाई स्कूलों (वसन्त गर्ल्ज हाई स्कुल, क्रालॉखुड तथा कश्यप गर्ल्ज हाई स्कूल, कर्णनगर) में पद्रह सौ के लगभग छात्राएं पढ़ती हैं इसका वार्षिक व्यय एक लाख छः हजार है।

रिपोर्ट में इस बात की घोषणा भी की गई कि श्री डी० एन० कौल, आई० पी० एस० की दिवंगत धर्मपत्नी श्रीमती गौरी कौल के सी० पी० फंड में से उनकी सन्तानों ने ४०००-०० ट्रस्ट को इस उद्देश्य से दान में दिए हैं कि उक्त रकम से प्राप्त ब्याज ट्रस्ट में पढ़ने वाली ग़रीब छात्राओं में प्रतिवर्ष सहायतार्थ वितरित किया जाए। कुमारी संगीता रैना को वर्ष १९७५-७६ के लिए सर्वोत्तम छात्रा घोषित होने के उपलक्ष्य में श्री एस० के० दावर द्वारा प्रदत्त 'स्वर्ण-मुद्रिका' पुरस्कार स्वरूप दी गई।

• कश्मीर थियेटर फेडरेशन का नाटक समारोह

इस वर्ष १४ अक्तूबर से २५ अक्तूबर तक फेडरेशन से एक नाटक समारोह का आयोजन टैगोर हाल में सम्पन्न हुआ। समारोह में अभिनीत नाटकों के नाम इस प्रकार हैं :—

	नाटक	संस्था का नाम	लेखक
१४-१०	फंदबाज़	कमल थियेटर्स	सजूद सैलानी
१५-१०	किस का हाथ	हिमालय थियेटर्स	सतीश दे
१६-१०	प्रागाश	नेशनल थियेटर्स, बडगाम	नजीर जोश
१७-१०	स्य गछि न्येचुव	संगम थियेटर	गिरीश पात्रो (अनु० मोहन निराश)
१८-१०	डॉ० फास्टस	कश्मीरी थियेटर्स	अनु० मखन लाल सराफ
१९-१०	गाशितारुख	शाहीन थियेटर्स	सजूद सैलानी

२०-१०	ललुवुन नार	रायल थियेटर्स अनन्तनाग	जाहिद
२१-१०	मिट्टी की खुशबू	नवरतन नटसार	विलायत जाफरी
२२-१०	चिनार	वसन्त थियेटर्स	अली मुहम्मद लोन
२३-१०	सोरुय सपुद राथ	कामेश्वर केन्द्र	मखनलाल सराफ
२४-१०	वेटिंग फार गोडोट	संगरमाल	सैम्युअल बैंके (अनु० कृष्ण बलदेव नन्द)
२५-१०	बरगव लोल	शाह ड्रामाटिक क्लब	मखत लाल कौल

● कश्मीर विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह

कश्मीर विश्वविद्यालय का दूसरा पदवीदान समारोह १६ अक्तूबर १६७६ को सम्पन्न हुआ। उत्सव की अध्यक्षता राज्यपाल श्री लक्ष्मीकाँत झा ने की। समारोह के मुख्य अतिथि थे योजना आयोग के उपाध्यक्ष श्री परमेश्वर नारायण हाकसर। श्री हाक्सर को इस अवसर पर 'डाक्टर ऑफ लाज़' की मानद उपाधि से विभूषित किया गया। उन्होंने अपने भावपूर्ण उद्बोधन में अपने पूर्वजों का जिक्र किया जो १८१५ ई० में यहाँ से चले गये थे। ऐसा उन्होंने मट्टन के पुरोहिती के रिकार्ड के आधार पर कहा। आज एक कश्मीरी को अपने ही पूर्वजों के प्रान्त में सम्मानित करने के लिये उन्होंने कश्मीर विश्वविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

● कश्मीर कौंसिल ऑफ रिसर्च

कश्मीर कौंसिल ऑफ रिसर्च के तत्वावधान में २५ अक्तूबर से २७अक्टूबर तक एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विषयों पर अनेक अधिकारी विद्वानों ने शोध-पत्र पढ़े। उल्लेखनीय पत्रों के नाम हैं—"कश्मीर का ऋषि सम्प्रदाय" प्रो० काशी नाथ दर "कश्मीर की सामाजिक संस्कृति"– प्रो० फिदा हसनैन "इकबाल और कश्मीर"—श्री जगन्नाथ आजाद।

● केन्द्रीय विद्यालय, श्रीनगर

२७ अक्तूबर को केन्द्रीय विद्यालय शिवपुरा, बटवारा, के तत्त्वावधान में 'अन्ताक्षरी' प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। इस रोचक कार्यक्रम में पठानकोट, जम्मू, ऊधमपुर से आए हुये छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त श्रीनगर के छात्रों ने भी भाग लिया।

● भारतीय विद्या भवन

भारतीय विद्या भवन, कश्मीर केन्द्र के तत्त्वावधान में गत मास डॉ० कर्णसिंह ने "भारत का सन्देश" नाम से एक सारगर्भित भाषण दिया। कश्मीर के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनसारी ने सभा की अध्यक्षता की।

● हिन्दी दिवस

गत मास कश्मीर हिन्दी साहित्य सम्मेलन के तत्त्वावधाव में हिन्दी-दिवस के उपलक्ष्य में एक हिन्दी कवि ग.ष्ठी का आयोजन किया गया।

● लेख प्रतियोगिता

आर्य समाज, हज़ूरी बाग, श्रीनगर ने "श्री चिरंजीत लाल धर्मार्थ ट्रस्ट निधि" द्वारा मेसर्स कश्मीर मेटल मार्ट, हरिसिंह हाई स्ट्रीट, श्रीनगर के सौजन्य से एक लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया है।

निबन्ध हिन्दी, उर्दू अथवा अंग्रेजी में निम्नलिखित विषय पर लिखा जा सकता है :—

"प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता पर आधुनिक

विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी का प्रभाव''

प्रतियोगियों के लिये दो वर्ग रखे गये हैं :—

'क' वर्ग (२५ वर्ष से ऊपर की आयु)

प्रथम पुरस्कार—३००/-

द्वितीय पुरस्कार—२००/-

तृतीय पुरस्कार—१००/-

'ख' वर्ग (१४ वर्ष से २५ वर्ष तक की आयु)

प्रथम पुरस्कार—१५०/-

द्वितीय पुरस्कार—१००/-

तृतीय पुरस्कार— ५०/-



बाल जगत

बीस सूत्रीय दीवाली

—विनोद भान

दूर अन्धेरा करने वाली ,
लो बच्चों, आ गई दीवाली ।

बिट्टू कर रहा खूब तमाशे,
अणू खा रही खील बताशे ।

पप्पू ने राकेट छुड़ाया,
बम्ब चलाकर शोर मचाया ।

बिन्नू ने कुछ दीप जलाए,
मित्रों से फिर हाथ मिलाए ।

डेजी ने एक सभा बुलाई,
सबको कुछ बातें समझाई ।

सुनो साथियों देश बढ़ाना,
बीस सूत्र का दीप जलाना ।

जो करते हैं तस्कर चोरी,
काला धन्धा सीना ज़ोरी ।

मुँह करना है उनका काला,
फैलाना है ज्ञान उजाला ।

नए कार्यक्रम में जुट जाना है,
देश के हित में मिट जाना है ।

महान् देश के हम हैं माली,
बीस सूत्र की यह दीवाली ।
दूर अंधेरा करने वाली ,
लो बच्चों आ गई दीवाली ।



कॉशुर समाचार

अंक २०	नवम्बर १९७६/कार्तिक-माघ २०३३	सं० ११

रुत छु न मरान

मरुन-ज्योन छु संसारुक लॉजिमी अमॅर। युस थनॅ प्यौ, तस् छु सुलि-चीरि् तन-बदन त्रॉविथ केंचन हॅंदि एतक़ादॅ मूजूब ब्याख जनॅम ह्योन, केंचन हॅंदि माननॅ किनि् यौमि हिसाबस प्रारुन तॅ केंचन हंदि खयालॅ मुताबिक मेचि सूंति् रॅलिथ जिन्दगी हुंद यि ड्रामा अन्द वातनावुन। अॅकिस कथि प्यठ छि सॉरिय मुत्तफ़िक ज़ि युस ज़ाव् तस छु मरुन। यि ति छि कमो-बेश सॉरिय मानान ज़ि इनसान यि ववि ति छु तस लोनुन। अमि ख़यालुक ग्वड़ कर लोग — यि क़यास करुन छु मुश्किल, मगर इनसान सुन्द तवारीखी गजीनॅ। छु गवाह ज़ि अर्बॅ बॅद्दि मॅहनिव आयि जन्मस तॅ तीतिय मूंदि् ति—अमापोज़ नाव छु तिमौ मंजॅ स्यठहॅय कम लूकन हुंद च्यतस थवनॅ आमुत। तम्युक क्याह सना छु वजह? यिय ज़ि, ज्यनॅ-मरनॅ किस यथ आलमस मंज़ यॅमि् केंह कॅरिथ होव, सु रुद अॅकिस-ब्ययिस याद-बाक़ी यिथॅ पॉठि् बेनाम जायि, तिथै कॅत्रि् गयि अमानथ दिथ।

पथ गौ कॅरिथ क्याह छु इनसान हावान? अथ छि नवाह! कॉंह छु कुलि आलमस रुत करान, कॉंह छु मुलकुक नाव नेछिनावान तॅ कॉंह छु परगनस, शहरस, गामस तॅ महलस खिदमत कॅरिथ रुत करान। ग्वख़सर यि ज़ि पननि निशि अलग ब्ययन हॅंज़ा सीवा करनॅ सूंति् छु इनसान अकि ख्वतॅ ज्यादॅ लूकन हुन्द प्योर बनान तॅ तॅसि् शख्सॅ सुन्द नाव छु याद रोज़ान।

मिसालि पॉठि् नीतौ मूज़ूदॅ रेतॅकुय च्वदॉहिम तॉरीख। कस गछि मॅशिथ ज़ि अयि ब्रह अोह हिन्दु-स्तानस मंज़ सु 'ज़वाहिर' थनॅ प्योमुस यसुंद गाह द्रुस्तिस दुनियाहस प्यौ। सु आसिहे शकलि खोबान, अकलि ज़ीरक, बख्तॅ बोड़—मगर खूबसूरती, गाटॅजार तॅ दौलथ ऑस तिहिन्दि ख्वत ज़्याद खबर कॉत्यहन—तिम कोनॅ छि च्यतस। जवॉहिर लालॅय क्याज़ि यावॅतय ज्यवि प्यठ? नॅज़ कथ छे, तॅमि् सोर ब्ययन हुंद तॅ तिमनॅय पथ कॅरॅन वाँस सरॅफ़। तवै छि पनन्यौ ख्वतॅ ज्यादॅ ब्ययि लूखॅय तिहुंद नाव ह्यवान। शुरि् क्यो बॅड्डि छि पननि-पननि आयि तिमन मायि तॅ लोलॅ सान् याद करान। साफ कथ छे ज़ि युस ब्ययिस गारि सुय तंस् छारि।

कथ छे दॉयरॅच-दॉयरॅच। नेहरू सुन्द्र दॉयरॅ रुद कौमसतॅ दुनियाहस ताम् फॉलिथ। तवै छु दुनिया तिमन अक़ीदतुक खराज नज़ॅर करान।

मगर केंह रॅति् मॅहनिव छि तिथि् ति, यिम पननि मक़्दूरॅ मूजूब खिदमतुक कॉंह महदूद दॉयरॅ चारान छि। तिमन ति छु ब्ययन हुंद च्यपि आसान तॅ पनुन गरज़ कॉफी ह्दस ताम् त्रॉविथ छि तिम पननि बरादरी हॅंद्यन हाजतमंदन अथॅरोट करनस प्रथ विज़ि तैयार रोज़ान।

ग्रिथि खलॅक छि वार्याह —मगर पनन्यन हलक़न मंज़ छि लूख तिमन ति यछान तॅ काँछान । चुनांचि यिथिस कॉसि ति रॅतिस महॅनिव सँदिस स्वर्गस गछनस प्यठ छु तॅसंज़ि बरादरी भारॅ सदम् गछान ।

युथुय अख नेक शख्स ओस श्री शम्भूनाथ खचरू, यिम यथि रेतस मंज़ कॅंचस कालस अलील रूज़िथ दयस टॉठ्य् सपॅद्य । श्री खचरू छि दिलि मंज़ कॉशिरि बरादरी हॅंद्य् अख मुख़लिस कारकुन आसिमित्य् । कॉशिरि समिति हन्द्यन बॉनोकारन मंज़ ऑस्य् तिम ति पेश-पेश । यति ज़ाँह बरादरी मंज़ खिदमत करनुक, कॉसि सूँत्य् हमदर्दी करनुक, काँसि अथॅरसि यिनुक, दादि-दगि विज़ि अकार-बकार यिनुक काँह मौकॅ पेश गियि है, खचरु साँब आसि पननि आवरेरॅ बावजूद तोत वातान, मकदूरॅ मूजूब खिदमत करान तॅ हक़दार शख्सस अथॅरोट करान । योहै वजह छु ज़ि यमि सातॅ राजधानि मंज़ कॉशिर्यौ त्यहॅंदि गुज़ॅरनॅच खबर बूज़, प्रथ काँसि सपुद सद्मॅ तॅ प्रथ कॉसि कॅर तिहिंज कामि हॅंज़ सनाख्वानि । यि छु न कम अक़ीदतुक खराज ।

पथ गौ अगर बरादरी तिहिन्दस नावस प्यठ कुनि रॅचि कामि दस तुलि तमि सूँत्य् वाति पानॅ बरादरियि ति फॉयदॅ तॅ खिदमत करनॅ वॉलिस ति हरि मर्तब !

—हलीम



अफसान

बद् दॉर

—अवतार कृष्ण 'रहबर'

म्यॅ युथुय लॅजमॅच अॅछ मुचरॉव, दॉर ऑस बन्द ।

गाशि-लॅइ ति ऑस न अन्दर अचान ।

म्यानि बजूदुक सिरयि शिठ्यौ जादै !

बॅ ओसुग रॉत्य् रातस लेफि मंज़ फोटमुत ! बॅ फोटूस वारै । हमेशि वोन म्यॅ यिमन यि दॉर मतॅ ऑस्तौ रातस बंद करान, अमापोज़ सु कुस छु बोज़ान । ज़ानि दय, अज़ कर बॉग्य् थॉवॅख बन्द । उफ़ स्यान्यन शिठेमित्यन प्राणन ह्योतुन गण्ड लगुन । म्यॅ क्याह छु यि गछान, म्यॅ पज़ि ·· म्यॅ पज़ि यि बंद दॉर यलॅ त्रावज, युथ ताज़ अंदर अचि बिलकुल ·· ·· यि रॉच हुंच कहन्यार छु म्यॅ ख्यनि यिवान ····।

बॅ छुस लेफ़ि मंज़ॅ नॅर कड़ान तॅ नखॅ तलॅच दॉर यलॅ त्रावान । दॉर यलॅ त्रॉविथ त्रोव म्यॅ रछा फ़ख ह्यु, मगर ताज़ॅ हवा चाव नॅ केंह अंदर । म्यॅ गौ क्याह ताम्, म्यॅ फीर हगॅ-मगॅ स्वय सॅसर, खसॅ म्यॅ कालॅच्यन फीरमॅच ऑस, स्वय वदन कख गयि म्यॅ सीनॅ-तरेन सॅनिथ, खसॅ हमसॉय मकानॅ मंज़ॅ बर-मंदिन्यॅन गयि, यलि स्व म्वयि ···· स्व ? ···· ऑस् सॉरिय महलॅक ऑसि तस दाह दिथ आमॅत्य् । ग़ुर्यॅन म्वयि मॉज़ि, म्यानिस हमसायि आदमस म्वयि आश्यॅनि-हॅवा । आदम संज़ व्यहरकथ लॅजमॅच अॅछ तु ग़ुर्यॅन् हुंद छवछि कतुर—यिमॅ छे म्यॉनिस पॉरदि मनस तछि-तछि तुलान । आदमॅ संदिश बुधि प्यठ ऑसि कूँति सवाल-ऑखरॅ, स्व क्याज़ि

म्वयि । हव्वा क्याज़ि गाग्रि तस त्रॉविथ ? अॉखॅर रिश्तॅ क्याज़ि छ्वक्यो ? ···आदमॅ संदि बुथि त्यठॅकि् सवाल पॅरिथ त्रोव म्यॅ व्वश, क्याज़ि म्यॅ निश ओस न काँह जवाब ।

हा हा हा हा···········हा हा हा हा !

म्यान्यन हमसायन हँ्दि छि ठाह-ठाह करान असन-खंगालॅ गछान । बॅ छुस वारॅ कनौ बोज़ान । यिमौ मॅशराव 'स्व', यस अॅसि् दाह दिथ अॉसि् आमॅति् । मॅशरावखॅई योत नॅ, बल्कि अमिसंदिस मरनस बनावुख अख स्कॅंडल ति । उफ ! म्यॅ क्या छु यि गछान । मरनॅ पतै मा छु इनसान पोशिवुन सकून लबान । क्या पता, मौतॅ पतुक दुनिया मा छु ज़्यादॅ खवश-यिवुन आसान ! शायद आसॅ आदमॅ संज़ॅ अॅछ अॅथि् सवालस जवाब छारान । आदम ओस पनन्यन अथन कुन नजर त्रावान, यिमौ वुजार तॅ वॉरान आबाद कॅरि, यिमौ अथौ तॅमि् 'तस' सूँति् अथवास कोरमुत ओस, मगर अज आसॅ तॅमि्सन्द्यन अथन मंज़ मनॅवाद अंडि पेमॅचॅ, यमिकि बारॅ व्यबस सपदिथ सु पननि लरकानि ति हुश्यार कॅरिथ ओस न ह्यकान । उफ ! यिमन मॉसूम शुयंन् हुंद वदुन । म्य ह्यचॅन वॉलिजं छ्यनॅन; वाय ! बॅ क्या छुस यि महसूस करान । गछि ना समछुक यि चॅकॅर अख रछा रुकिथ म्योन शिठ्योमुत सिरयि पूरॅ पॉठि् सगिथ । बॅ वुछ हा मौतॅ पतुक दुनिया क्युथ छु आसान । बॅ वनॅहा आनमस स्यॅछ······ ।

ब छुस अजीब हालथ महसूस करना । यि राथ ति जेठेयि । बॅ छुस अॅछन मुरन-मुरन दिवान, गरि वख वुछान । गरि हँदि मॅहि ज़ॅ छि राकेट ह्यि दवान । वक्त छु योर आमुत, किनॅ नॅ·····नॅ नॅ······यि रिस्टवाच वनि नॅ गलत । ओत्रै अॅनिम यि रिस्टवाच मॅलि् । वुनि छिस त्रॅ इन्स्टालमेंट बक़ाया । दपान ओस, स्मगल्ड माल छु । व्यठ्यन लफ़्ज़ान मंज़ छुस 'सीको' लीखिथ । 'सीको' छे जापॉनी मॉडल, यति एटम बम प्यौ । सॉसियॅ हीरोशिमाहस तॅवॅज़् म्यॅच । गौतम ब्रदस रोव शाह । उफ़······म्यनि सोचचि गुनसॅ कपॉरि् कपॉरि् छे म्यॅ ट्वपॅ दिवान । यि राथ ति कॉचाह जेठेयि । यि सुबह कर छकि पनुन नाफ़ॅ-सु नाफॅ म्यॉनिस शुॅरि पानस हन-हन मुश्कावान ओस । अज छु यि हवा ति नाफॅ-रुस । ग्वड़् छा कम दुह तॅ गैस अथ मंज़ जमा सपदान ! कि नॅ शुॅरि् मिजाज़ाइॅ छु बदलॅ । वनॅ क्याह् ?······ आदमॅ संज़ आश्यॅनि् आयि व्ययि म्य अॅछत तल । यलि म्यॅ तस दाह द्युत, स्व अॉस मस-मलॅर हिश श्वंगिथ । वुठन प्यठ ओसुस असुन—खंदॅ ओस सा किनॅ तबस्सुम—कॅह ह्यकॅ न स्यकॅ पॉठि् वॅनिथ । मगर यि वनॅ जरूर—शुॅरि अॉसि् छ्वछि-कतुर करान । उफ़ ! म्यॅ क्या गौ यि······व्वज़ि् कर यियि गाश । कर······ ? बॅ व्वथॅ थोद, लेफि मंज़ॅ नेरॅ न्यबर । ताज़ॅ हवाकिस नाफ़स दिमॅ चुॅह । कूत काल वोत म्यॅ ताज़ॅ हवाहस चुॅह दिनस !······ बॅ छुस वॅलि्-वॅलि पलौ लागान तॅ लेफि मंज़ॅ नीरिथ थोद व्वथान । पतॅ छुस दारि किञ् कलॅ न्यबर कॅड़िथ नॅनिस तॅ न्यथॅनॅनिस आलमस नजर त्रावान । गाश छु पॅति् गोमुत । नभ छे दुॅहिदॉवि् वुनलि सूँति् चार्‌न आमुत । नभ व्वन-व्वन वसान । बॅ छुस वारॅ वुछान । तराख कॅरिथ छे अॅथि् मंज़ सरॅद छटि हंज़ चपाथ म्यॅ बथिस खबर करान । छठ, शीनॅ छठ !······नाफ़, यथ बँ चुहॅ द्युन यछान ओसुम, सु ओस न कुनि । बॅ चास सियाह रोय सपदिथ अंदर । म्योन पारॅदि् मन लोग छ्टॅछ्ठ करनि । म्य कोर रेडियो अॉन करनुक फ़ॉसलॅ मूसीक़ी बोज़नॅ खॉत्रॅ, अमापोज़ अति अॉस लोतिका रत्नम ख़बरॅ वनान । सोंचान छुस, बोजना तिछ खबरा ज़ि त्युथ चीज़ हसाँ आव दरियॉफ़ करनॅ, यमि सूॅति् हवहस मॅज़ रोवमुह नाफ़ॅ दुबारॅ व्वतलि ! उफ़ तिमै ऋकॅ, तिमै लफ़्ज, अरब छापामार हाइजैक·········लीडरन हंदि् तकरीर·········हूं, यिम लीडर ? ······म्यॅ कोर रेडियो बन्द । म्यानि प्राण लॅगि् दज़नि । गौतम बुद ओस तिमन बचन हंदि् पॉठि् छ्वछॅ कतुर करान, यिमन मोज मूमॅच अॉस । बोज़ान छुस, सु मा गछि व्ययि गयायि ज़ाफ करनि······म्यॉनिस पारॅदि्

मनस लोग जज़्बातन हुंद सॅहलाब बॅठि तॅ ठोरॅ चखि सान त्राख कॅरथ दॉर दद ॥ वालनि । म्यॅ कोड दारि किञ ब्ययि कलॅ न्यबर, नाफॅ चुँहुन बापथ······मगर सु कति······दुँहिदॉव्यिवु नल ग्रॉस बराबर छॅकरनॅ यिवान । बॅ ग्रॉस निनॅ । म्यॅ कॅर

(गीराज' प्यठ
शुक्रिय सान)

★★★

विश्वकर्मा—कारसाज़ खॉलिक

—हलाम

बुँय फिरनावन यि चॅखुँर,
फिरनावन, ब्ययि तॅ ब्ययि फिरनावन !
तॅ यि सोरुय दुनिया सोरि
हन्ता कि बॅ ति रोज़ॅ नॅ मूजूद
फेरॅ-वुन यि चॅखर ह्ययि व्वज़ि—
कारस ब्ययि दम तुलुन !
ग्रादम छु ब्य-ग्राँश्र कुशिश करान--
दुनियाकि ग्रनहारुक वोंत ह्यनॅच—
यरादॅ तॅ कसबॅ सूँति ब्ययि तिमॅ शकलॅ बनवानॅच,
यिमॅ तस,
दिवताहन-भैर वन हुँज़ ब्यज़ॅ छे—
यिमौ तसुन्द तावॅ-होत घमाग
ग्ररॅ ग्रोनमुत छु !
नार, स्यच, वाव, ग्राव तॅ हचि मंज़ॅ —
यियन मंज़ दिमौ पान खोट तॅ
नाबूद गयि—सु छु तिमन ब्ययि
नोन कड़ान—ज़ान च्यतस पावान तिमन
तॅ पानस—स्यठह्यॅ हलीमी सान
ज़ि सु छु व्वस्तॅकार-कॉसिब !
सु स्यचि-मोर-नुस पानॅ ति सोरि-नाबूद गछि
नारस, स्यचि, हवाहस, ग्राबस तॅ हचि ग्रन्दर !!
बाँबरि-होत छु व्वज़ि पननि करामॉच फिरि-फिरि हावान
शायद ग्रॅब किज़ि ज़ि
ग्रज़ छु सु व्वस्तॅकार
कस खबर पगाह कथ शकलि मंज़,
सपदि सु ब्ययि नमूदार !

हमारा पंचांग

मार्ग शुक्ल पक्ष

नवम्बर १९७६ :

२२ (सोमवार)	……	ओकदोह।
२६ (शुक्रवार)	……	पंचमी (कुमार षष्ठी)
२७ (शनिवार)	……	पंचक आरम्भ ११ ब० ११ मि० रात से
२९ (सोमवार)	……	अष्ठमी, उर्स शाह-ए-हमदान

दिसम्बर १९७५ :

२ (गुरूवार)	……	एकादशी, पंचक समाप्त ६ ब० २६ मि० रात पर
३ (शुक्रवार)	……	द्वादशी, ईद
६ (सोमवार)	……	पूर्णिमा

पौष कृष्ण पक्ष

दिसम्बर १९७६ :


७ (मंगलवार)	……	ओकदोह, मत्रिका पूजा
१० (शुक्रवार)	……	संकट चोरम
१४ (मंगलवार)	……	अष्टमी, महाकाली जन्म्
१५ (बुधवार)	……	नवमी, पहली पौष (संक्रान्ति व्रत)
१६ (गुरूवार)	……	आनन्देश्वर जयन्ती, दशमी
२० (सोमवार)	……	चतुर्दशी—अमावस, सोमाअमावस। यक्षा अमावस, सोमयार यात्रा।

Registration No.
12866/66

Regd. No. D(S)-017

KOSHUR SAMACHAR

A SOCIO-CULTURAL MONTHLY



Printed and published by B. L. Razdan from Kashmir Bhawan, Kashmir Bhawan Marg, Amar Colony, New Delhi-24, for the Kashmiri Samiti, Delhi, at BHAN PRINTERS, 776/B-1, Naveen Shahdara, Delhi-32. *Editor :* Narendar N. Kaul.